वन उत्पादकता संस्थान, रांची

प्रदर्शन ग्राम कुटाम, तोरपा

प्रदर्शन ग्राम संचालन हेतु ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन

(दिनांक: 07.09.2021)

वन उत्पादकता संस्थान के निदेशक के निर्देशन एवं श्री एस. एन. वैद्य मुख्य तकनीकी अधिकारी,श्री सुभाष चंद्र,वैज्ञानिक डी.के नेतृत्व में विस्तार प्रभाग के एक दल द्वारा नवनिर्मित प्रदर्शन ग्राम कुटाम, तोरपा, जिला खूंटी में ग्रामीणो द्वारा केचुआ खाद निर्माण व उपयोग द्वारा पर्यावरण सुधार में सहयोग व अतिरिक्त आय के श्रोत पर चर्चा की गयी। दिनांक 07.09.2021 को प्रदर्शन ग्राम कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक में श्री एस. एन. वैद्य ने ग्रामीणो से चर्चा किया और इन्होने वताया की संस्थान एवं अन्य संस्थान के द्वारा विकसित तकनीक को आपके ग्राम एवं आपके द्वार पर लाया जायेगा परन्तु आपका सहयोग भी चाहिये। पूर्व बैठक में संस्थान के निदेशक द्वारा दिये गये आश्वासन का चर्चा किया एवं उन्होने बताया कि केचुआ खाद के अतिरिक्त भी कई तरह के कार्यक्रम आपके अतिरिक्त आमदनी एव आजीविका के लिए किये जायेंगे।

ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए संस्थान के वैज्ञानिक श्री सुभाष चंद्र ने केचुआ खाद की आवश्यकता एवं उसमे मौजूद विभिन्न पोषक तत्वों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होने कहाकि रासायनिक खाद से कई दुष्परिणाम सामने आये हैं। केचुआ अथवा जैविक खाद के उपयोग से प्राप्त खाद्य पदार्थ स्वास्थ्यकर एव स्वादिष्ट होते हैं। केचुआ खाद व जैविक खाद से उत्पादित वस्तुओं का मूल्य अधिक प्राप्त होते हैं अतः खाद्य पदार्थ को बेच कर अधिक आय अर्जित की जा सकती है।

संस्थान के तकनीकी अधिकारी श्री बी.डी. पंडित ने बताया कि जमीन की उर्वरा शक्ति बनाये रखने , स्वास्थ्य पर हो रहे खर्च तथा पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में केचुआ खाद काफी सहायक होगा।

ग्रामीण श्री वंधन डोडराय ने कहा कि वन उत्पादकता संस्थान,रांची द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम हम ग्रामीणो के लिये काफी फलदायी होगा। इन्होने फलमेंजिया सेमियालता पौध का भी मांग किया। ग्रामसभा अध्यक्ष श्री रंजीत मांझी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी ग्रामीण केचुआ खाद उत्पादन में पूर्ण सहयोग करेंगे तथा इसके उपयोग एवं निर्माण से जीविकोपर्जन में आय वृद्धि करेंगे। प्रेरक दीदी पूनक सुण्डी ने केचुआ खाद के अलावा और भी तकनीक मशरुम,लाह,मधु उत्पादन आदि को उपलब्ध कराने का आग्रह किया। ग्राम सभा बैठक में आम सहमती से केचुआ खाद निर्माण के लिए किसानों का चयन किया गया। ग्रामसभा अध्यक्ष श्री रंजीत मांझी के धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक का समापन किया गया।

संस्थान के वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारी के साथ कुटाम ग्राम के ग्रामीणो के साथ प्रदर्शन ग्राम के संचालन पर चर्चा

संस्थान के वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारी के साथ कुटाम ग्राम के ग्रामीणो के साथ प्रदर्शन ग्राम के संचालन पर चर्चा